प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
09.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

नितिन गडकरी

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौतों को रोकने के लिए देश में सड़क निर्माण के दौरान सुरक्षा को उच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। गडकरी कल रायपुर में भारतीय सड़क कांग्रेस के 83वें वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। गडकरी ने कहा कि सड़क और ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कमियों को दूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की खामी ने बड़ी समस्याएं उत्पन्न की हैं। उन्होंने कहा कि सड़क इंजीनियरिंग में सुधार से दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी और लोगों की जान बचाई जा सकेगी।

मुख्य न्यायाधीश

भारत के मुख्य न्यायाधीश, डीवाई चंद्रचूड़, कल आधिकारिक तौर पर सेवानिवृत्त हो जाएंगे, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना सुप्रीम कोर्ट के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश के रूप में उनकी जगह लेंगे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ के कुछ ऐतिहासिक फैसलों में अयोध्या भूमि विवाद, सहमति से समलैंगिक यौन संबंधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करना और अविवाहित महिलाओं के लिए गर्भपात का अधिकार शामिल हैं, जिन्होंने समाज और राजनीति को आकार दिया। 2016 में सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नत होने के बाद सीजेआई चंद्रचूड़ ने 11 नवंबर, 2022 को मुख्य न्यायाधीश का पद संभाला। सुप्रीम कोर्ट के पर्यवेक्षक के अनुसार, वह 1 हजार 2 सौ 75 पीठों का हिस्सा रहे हैं।

प्रदेश उच्च न्यायालय

इधर प्रदेश उच्च न्यायालय ने राज्य में वर्ष 2019 में अनुबंध के आधार पर नियुक्त किए वन रक्षकों को 3 जनवरी 2022 का पे स्केल देने के आदेश जारी किए हैं। न्यायाधीश अजय मोहन गोयल की एकलपीठ ने याचिकाकर्ताओं के पक्ष में यह महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। वन रक्षकों को यह लाभ वर्ष 2020 से मिलेगा। उल्लेखनीय है कि अभी तक धर्मशाला सर्किल में ही वन रक्षकों को 3 जनवरी 2022 के वेतनमान निर्धारण का लाभ दिया जा रहा था।

आयुष मंत्री

आयुष, युवा सेवाएं व खेल मंत्री यादविंदर गोमा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का खजाना है जो यहां कि परम्पराओं, कला व संस्कृति को दर्शाता है। कांगड़ा जिला के बीड़ बिलिंग कार्निवाल की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में कल बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए उन्होंने यह बात कही। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से मनोरंजन के साथ ही स्थानीय कलाकारों को मंच प्राप्त होता है। कार्निवाल की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में नाटी किंग कुलदीप शर्मा व काकू राम ठाकुर मुख्य आर्कषण का केंद्र रहे इसके अलावा स्थानीय कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने लोगों को मंत्रमुग्ध किया।

राष्ट्रीय विधिक

आज राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस है। सभी नागरिकों को उचित और निष्पक्ष न्याय प्रक्रिया सुनिश्चित करने व समाज के हाशिए पर पड़े लोगों को कानूनी सहायता और उन्हें सशक्त बनाने के उदेश्य से हर वर्ष 9 नवम्बर को यह दिन मनाया जाता है। इस दिवस की शुरूआत साल 1995 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने की थी।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम आमतौर पर शुष्क बना हुआ है। हालांकि प्रदेश में अधिकतम तापमान में 4 से 5 डिग्री की कमी दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार मंडी और बिलासपुर जिलों के कई क्षेत्रों में आज और कल घना कोहरा का यलो अलर्ट जारी हुआ है। वहीं 11 नवम्बर से मध्य और उच्च पर्वतीय 8 जिलों के कुछ स्थानों में बारिश व हल्की बर्फबारी की संभावना जताई गई है।

एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह के हवाले से शीर्षक दिया है–हिमाचल में नशा रोकने के लिए आईजी के नेतृत्व में बनेगा विंग। हिमाचल दस्तक का कहना है–अवैध खनन व मादक पदार्थों के दुरूपयोग पर कड़ी कार्रवाई करेगी सरकार। दिव्य हिमाचल लिखता है–नशे पर कड़े प्रहार की तैयारी। जबकि दैनिक सवेरा टाइम्स के मुताबिक –सूबे में ड्रग तस्करों पर शिकंजा कसेगी सुक्खू सरकार।

अमर उजाला का शीर्षक है–हिमाचल में वन रक्षकों को 2022 का पे स्केल देने का आदेश। पंजाब केसरी ने मुख्यमंत्री के हवाले से सुर्खी दी है–उपमंडल स्तर पर होगी प्रमुख योजनाओं की समीक्षा। दैनिक भास्कर का शीर्षक है–सरकारी योजनाओं की समीक्षा करके 31 दिसंबर तक रिपोर्ट करें उपायुक्त। ई.डी की बद्दी सहित 11 स्थानों में दबिश–पंजाब केसरी की एक ख़बर है। 15 वर्ष की अवधि के लिए पांच सौ करोड़ कर्ज लेगी हिमाचल सरकार पंजाब केसरी की एक अन्य ख़बर है–

————————